*This Question Paper contains 8 printed pages.*
*(विभाग - A, B, C & D)*

Sl.No. 212221

# 14 (H)

**(MAY, 2021)**

समय : *3 घंटे]* *[अधिकतम अंक : 80*

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 55 प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

## विभाग – A
### (गद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : **[3]**

1) किसने अपने हिस्से की पूड़ियाँ काकी के लिए बचाकर रखी थी?
   (A) रूपा (B) बुधिराम
   (C) लाडली (D) श्यामा

2) इसमें से वनस्पति विज्ञान का महान पंडित कौन बन गया?
   (A) विवेकानंद (B) दयानंद
   (C) डंकन (D) श्री अरविंद

3) सूधा कुलकर्णी को साक्षात्कार के लिए कहाँ बुलाया गया?
   (A) मुंबई (B) पूना
   (C) कलकत्ता (D) अहमदाबाद

■ सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [3]

4) बुढ़ापा ...................... रोग का अंतिम समय है।
(तृष्णा, धन)

5) प्रेमचन्द का मूल नाम ......................।
(गुलाबराय, धनपतराय)

6) धन सुख का ................ भी है।
(जादूगर, नियंत्रक)

■ निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्यांश चुनकर पुरा वाक्य फिर से लिखिए : [3]

7) बिस्मिल की माता जी का सबसे बड़ा आदेश था की ..................
(A) उनके द्वारा किसी की प्राणहानि न हो।
(B) देश के लिए प्राण दे देना।
(C) स्वतंत्रता के लिए कुछ कर दिखाना।
(D) राज्य के लिए।

8) मालती की आवाज सुनकर बिन्दू की चाल में ........................
(A) रूकावट आ गई।
(B) तेजी आ गई।
(C) बदल गई।
(D) धीरे से आ गई।

9) काँग्रेस का अधिवेशन किस शहर में था ..................।
(A) लखनऊ
(B) शाहजहाँपुर
(C) कलकत्ता
(D) कानपुर

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [2]

10) बूढ़ी काकी कैसे रोती थी?

11) हरिण शावक किसके बाणों से घायल हुआ था?

■ निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : [2]

12) टेल्को विद्यापन में चौकानेवाली क्या बात थी?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

13) सुधा के स्थान पर आप होते तो क्या करते?

अथवा

लाला सदानंद के चरित्र पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

■ निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए : [2]

14) "बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है।"

अथवा

"तुम्हारे लिए प्रश्न अधिकार का है, उसके लिए संवेदना का।"

## विभाग – B
### (पद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : [3]

15) यमुना किनारे कदंब की डाल पर रसखान किस रूप में बसना चाहते है?

(A) पशु (B) भगवान

(C) पक्षी (D) मनुष्य

16) राम भजन बिना कौन नहीं सोता है?

(A) तोता (B) मैना

(C) कौआ (D) कबूतर

17) सबकी नजर बचाकर खरहा कहाँ रहता था?

(A) अपने बिल में (B) झाड़ के तने में

(C) झाड़ी में (D) जंगल में

■ निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पुर्ति कीजिए : [3]

18) जननी जन्मभूमि .................. से महान है।

(पृथ्वी, स्वर्ग)

19) 'रैदास' को .................. नाम से जाना जाता है।

(रविदास, तुलसीदास)

20) भूख काव्य के कवि .................... है।

(सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, अमीर खुसरो)

■ निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्यांश चुनकर पुरा वाक्य फिर से लिखिए : [3]

21) खरहा नींद से जाग गया क्योंकि .........................

(A) कुत्ते की साँस की आवाज सुनकर।
(B) कुत्ते का भौंकना सुनकर।
(C) कुत्तों के झगड़ने से।

22) इंद्र दंग रह गया, क्योंकि ......................।

(A) सुखे पेड़ो को देखकर
(B) पेड़ के प्रति तोते की गहरी आत्मीयता देखकर
(C) तोते और जंगल को देखकर

23) आजकल के साधु के सामने कोई तर्क करने आये तो वे युक्ति करेंगे क्योंकि ....................

(A) अपने को ही ज्ञानि सिद्ध करेंगे।
(B) डर के मारे वाद–विवाद ही नहीं करेंगे।
(C) अपनी पोल खुल न जाय इसके लिए मौन रहेंगे।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए : [2]

24) भक्त दीपक बनकर क्या चाहता है?

25) मीराबाई को कौन–सा धन मिल गया है?

■ निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : [2]

26) हिमालय के बारे में जन्मभूमि कविता में क्या कहा है?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

27) भक्ति में लीन मीरा को लोग क्या कहते थे? और क्यों?

अथवा

'कुत्ते की सीख' काव्य से क्या बोध मिलता है?

■ निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए : [2]

28) ''सत् की नाव खेवटिया सत्‌गुरू भवसागर तरि आयौ।''

अथवा

''वह वसुधैव बना कुटुंबकम्''

## विभाग – C
### (व्याकरण विभाग)

■ निम्नलिखित कहावत का अर्थ स्पष्ट कीजिए : [1]

29) चार दिनों की चाँदनी फिर अंधेरी रात

■ निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए। [1]

30) जहाँ घटना बनी है वह जगह

■ निम्नलिखित संधि को छोड़िए : [1]

31) परमात्मा

■ निम्नलिखित संधि को जोड़िए : [1]

32) सह + अनुभूति

■ निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : [2]

33) फूला न समाना

■ निम्नलिखित शब्दों का विरोधी शब्द लिखिए : [2]

34) आवश्यक

35) प्रतिकूल

■ निम्नलिखित शब्दों का पर्यायवाची शब्द लिखिए : [2]

36) सब्जबाग

37) मेहनत

■ निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखिए : [2]

38) कोमल

39) आवश्यक

■ निम्नलिखित शब्दों की कर्तृवाचक संज्ञा लिखिए : [2]

40) विज्ञान

41) उपदेश

■ निम्नलिखित शब्दों की विशेषण संज्ञा लिखिए : [2]

42) संसार

43) परिवार

■ **निम्नलिखित समास को पहचानिए :** **[2]**

**44)** **रात–दिन**

**45)** **राजपुरूष**

## विभाग – D
## (लेखन विभाग)

■ **निम्नलिखित विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :** **[3]**

**46)** **डी. टी. पी.** (Desk Top Publishing)

**अथवा**

**ई–मेल** (E-mail)

■ **निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **[6]**

**दुःख के बिना सुख का अस्तित्व नहीं है और सुख के बिना दुःख का। जब तक हमें एक अनुभव नहीं होगा तब तक हम दूसरे का अनुभव नहीं कर सकते। शीतलता का अनुभव करने के लिए उष्णता का अनुभव आवश्यक है। यह भी एक बात है कि कोई सम्पूर्ण शीतलता ही नहीं ले सकता और न कोई उष्णता। अतः आवश्यकता है कि दोनों का समन्वय हो। न तो सम्पूर्ण दुःख और न सम्पूर्ण सुख ये दोनों मानव–जीवन के ताने–बाने है। एक दूसरे के पूरक है। जीवन में सुख और दुःख दोनों का मिश्रण होना चाहिए। यह मिश्रण मधुर हो। ऐसा न हो कि सुख अधिक हो, दुःख कम। यह भी न हो कि दुःख ही अधिक हो और सुख कम। दोनों की मात्रा सम हो, विषम न हो।**

**प्रश्न :**

**47)** **जीवन में सुख और दुःख दोनों का .................... होना चाहिए।**

**48)** **'सम' का विरोधी शब्द लिखिए।**

**49)** **हम सुख का अनुभव कब कर सकते हैं?**

**50)** **शीतलता और उष्णता शब्द किसके सूचक है?**

**51)** **जीवन में सुख और दुःख का क्या स्थान होना चाहिए।**

**52)** **इस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए।**

■ निम्नानुसार पत्र लिखिए : [5]

53) 26, अंकुर सोसायटी, नारायणपुरा, अहमदाबाद – 13 से रमेश पंडया, राजकोट निवासी अपने मित्र हरीश पटेल को वृक्षारोपण का महत्व समझाते हुए पत्र लिखता है।

54) रुपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए : [5]

दो मित्र – समुद्र में तूफान – नौका का टूटना – दोनों का एक ही तख्ते का सहारा लेना – तख्ता केवल एक का भार संभालने में समर्थ – मेरी 'माँ को संभालो' इस सूचना के बाद अविवाहित मित्र का तख्ते को छोड़ देना – दूसरे मित्र का बचना – सीख।

55) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए : [7]

■ मेरा भारत महान

प्रस्तावना – भारत की वर्तमान स्थिति – मेरा भारत सपनों का भारत – कृषि और उद्योग – शिक्षा – संरक्षण – राष्ट्रीय एकता और सदभावना – उपसंहार।

अथवा

■ ''वृक्ष ही जीवन है''

प्रस्तावना – मनुष्य के जीवन में वृक्ष का महत्त्व – वृक्षारोपण एक पुण्य कार्य – वृक्षारोपण के लाभ – वैज्ञानिक और भौगोलिक दृष्टि से महत्त्व – उपसंहार।

अथवा

■ ''कोरोना ने बदला हमारा जीवन''

प्रस्तावना – कोरोना से बदलाव – कोरोना का असर – मानवीय रिश्तो पर प्रभाव – विश्व की अर्थव्यवस्था में प्रभाव – पढ़ाई में आया व्यधान – रोकने के उपाय – बचने के उपाय – उपसंहार।